अर्पण किया है श्याम को जो भी भजन लिरिक्स

अर्पण किया है,
श्याम को जो भी,
तुझको वापस बाँट दिया,
तेरे हर एक दीप के बदले,
तेरा संकट काट दिया।bd।

तर्ज – क्या मिलिए ऐसे लोगो।

जितने दीप जलाए तूने,
उतना ही दु:ख दूर किया,
रौशन करके जीवन तेरा,
तुझको ही मशहूर किया,
छतरी बनकर सांवरिया ने,
तुफानो को छांट दिया,
तेरे हर एक दीप के बदले,
तेरा संकट काट दिया।bd।

जितने पुष्प चढ़ाए तूने,
तुझको उतना महकाया,
झोली में हर खुशियाँ देकर,
घर को तेरे चहकाया,
सेठों का है सेठ सांवरा,
तुझको हर एक ठाट दिया,
Bhajan Diary Lyrics,
तेरे हर एक दीप के बदले,
तेरा संकट काट दिया।bd।

जब जब भोग लगाकर तू,
प्रसाद के इसको पाया है,
रोग दोष से मुक्त हुआ है,
सुन्दर तेरी काया है,
जब जब बांह बढ़ाई 'राघव',
इसने अपना हाथ दिया,
तेरे हर एक दीप के बदले,
तेरा संकट काट दिया।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

अर्पण किया है,
श्याम को जो भी,
तुझको वापस बाँट दिया,
तेरे हर एक दीप के बदले,
तेरा संकट काट दिया।bd।

स्वर – श्वेता अग्रवाल।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com